झारखंड ने छात्रों के लिये मुफ्त बैग की घोषणा की

चर्चा में क्यों?

हाल ही में झारखंड सरकार ने राज्य में संचालित स्कूलों में कक्षा I से VIII में नामांकित लगभग 37 लाख छात्रों को स्कूल बैग के अलावा प्रत्येक वर्ष **स्कूल किट के हिस्से के रूप में किताबें और अन्य सामग्री प्रदान करने की घोषणा की।**

मुख्य बिंदु:

- **चुनाव आयोग** द्वारा लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा से पहले मुख्यमंत्री द्वारा कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करने के बाद यह घोषणा की गई।
- कैबिनेट बैठक के दौरान कुल 53 प्रस्ताव लिये गए, जिनमें से अधिकांश में सड़क परियोजनाएँ, सिंचाई और जल आपूर्ति कार्य, ग्रामीण विकास कार्य शामिल थे।
  - सरकार प्रत्येक तीन महीने में प्रति आँगनवाड़ी गैस सिलिंडर की एक बार रिफिलिंग प्रदान करेगी।
  - **झारखंड कदन्न मिशन** की स्थापना के लिये 50 करोड़ रुपए की मंज़ूरी दी गई।
    - सरकार का लक्ष्य अगले पाँच वर्षों में कदन्न कृषि का क्षेत्र मौजूदा 40,000 हेक्टेयर से बढ़ाकर 5,00,000 हेक्टेयर करना है।
  - **किसान समृद्धि योजना** के तहत 80 करोड़ रुपए मंज़ूर किये गए, जिसका उद्देश्य किसानों को सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई सुविधाएँ प्रदान करना है।

नोट:

झारखंड सरकार कदन्न विशेष रूप से रागी **(फिंगर मिलेट/कदन्न)** को बढ़ावा दे रही है जो राज्य में बहुत बिखरे हुए तरीके से उगाया जाता है। उच्च पोषक मूल्य के कारण राज्य सरकार राज्य आजीविका नीति के तहत कदन्न को बढ़ावा दे रही है जो पंचायत विभाग के अधीन है और ज़्यादातर स्कूली बच्चों एवं अस्पतालों के लिये दोपहर के भोजन में परोसा जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jharkhand-announces-free-bags-for-students